भारत ऊर्जा सप्ताह 2024

[स्रोत: पी.आई.बी.]

भारत के प्रधानमंत्री ने गोवा में [भारत ऊर्जा सप्ताह] (India Energy Week- IEW) 2024 तथा **[तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड] सी सर्वाइवल सेंटर** का उद्घाटन किया और **[विकसित भारत], विकसित गोवा 2047** कार्यक्रम में भाग लिया।

- **भारत ऊर्जा सप्ताह 2024** का आयोजन **6 से 9 फरवरी तक** गोवा में किया जा रहा है। यह देश की ऐसी**एकमात्र ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन है, जो संपूर्ण ऊर्जा मूल्य शृंखला को एक मंच प्रदान करती है** तथा **[भारत के ऊर्जा पारगमन लक्ष्यों] के लिये उत्प्रेरक** के रूप में काम करेगी।
    - IEW वर्ष 2024 में मुख्य रूप से ऊर्जा मूल्य शृंखला में स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने, बढ़ावा देने और उन्हें एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
    - IEW में **विश्व के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा, तेल और तरल पेट्रोलियम गैस (LPG) उपभोक्ता** के साथ-साथ **चौथे सबसे बड़े तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) आयातक व रिफाइनर** के रूप में भारत की स्थिति को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है।
    - यह आयोजन सतत् ऊर्जा विकास में सहयोग और ज्ञान साझाकरण पर ध्यान देने के साथ,**ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता** को दर्शाता है।
- ONGC सी सर्वाइवल सेंटर भारतीय समुद्री सर्वाइवल प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र को वैश्विक मानकों के अनुरूप आगे बढ़ाने के लिये एक **एकीकृत समुद्री सर्वाइवल प्रशिक्षण केंद्र** है।
    - इसमें 10,000 से 15,000 कर्मियों को वार्षिक प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। इससे खराब मौसम की स्थिति में नियंत्रित अभ्यास से प्रशिक्षुओं के समुद्री जीवन कौशल में वृद्धि होगी और संभावित आपदाओं से सुरक्षित रहने की संभावना बढ़ जाएगी।

और पढ़ें: [भारत ऊर्जा सप्ताह]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-energy-week-2024